प्रेस-विज्ञप्ति 29.05.2019

दिनांक 29 मई, 2019 को सायं 05:00 बजे कांफ्रेंस रूम, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश में "मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं एवं N.S.E. (National Stock Exchange) संयुक्त तत्वाधान में "SME Funding: Role of Capital Markets" विषय पर सत्र आयोजित किया गया।

श्री बी.एम. गर्ग, अध्यक्ष, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, ने कहा कि मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं N.S.E. की ओर से संयुक्त रूप से "SME Funding: Role of Capital Markets" आयोजित इस सत्र में उक्त दोनों संस्थाओं की ओर से आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। आज के इस अति उपयोगी सत्र में श्री अशोक होलानी, Director, Holani Consultants, द्वारा SME Funding: Role of Capital Markets तथा श्री अर्पित अग्रवाल, Director, Achintya Securities Pvt. Ltd. द्वारा करेंसी हेजिंग पर विस्तृत जानकारी दी जायेगी। बाजार से पूंजी उठाने के लिए SME सेक्टर को किस तरह से तैयारी करनी चाहिए, इस बारे में विस्तार से बताया जायेगा साथ ही विदेशी के मुद्रा लेन-देन में जोखिम को काम करने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी। विश्वाश करता हूँ की आज हम सभी सत्र के वक्ताओं से ज्ञानार्जित करेंगे।

श्री गौरव कपूर, VP & Head BD Northern India, NSE, ने सत्र की रूपरेखा के बारे में बताया।

श्री अशोक होलानी, Director, Holani Consultants, ने अपने वक्तव्य में बताया कि S.M.E. व्यापारिक संस्थानो को कैपिटल की अतिआवश्यकता होती है। बड़े व्यापरिक संस्थानों के लिए कम रेट ऑफ इंटरेस्ट पर कैपिटल उपलकब्ध हो जाता है जब्कि S.M.E. संस्थानों के लिए अधिक रेट ऑफ इंटरेस्ट मनी लेंडर्स से या बैंक से कोलैटरल पर दिया जाता है। भारत सरकार की मेक इन इंडिया की पहल के अंतर्गत S.M.E. प्लेटफॉर्म की स्थापना की गई है जिसमें भारत के S.M.E. व्यापारिक संस्थान शेयर मार्किट में पंजीकृत हो सकते है और I.P.O. के जरिये बाजार से पैसा इकट्ठा कर सकते है। अभी तक 500 S.M.E. व्यापारिक संस्थान शेयर मार्केट में पंजीकृत है जो 6 हज़ार करोड़ रुपया (I.P.O. के जरिये) बाजार से इक्कट्ठा कर चुकी है जिनकी आज की स्टॉक वैल्यू (संगृहीत रूप से) 32 हज़ार करोड़ रपये है। वर्तमान स्थिति में उत्तर प्रदेश राज्य में जहां पर बहुतायत में S.M.E. व्यापारिक संस्थान है, I.P.O. के जरिये बाजार से पैसा इकट्ठा करने का यह तरीका प्रचलित नहीं है। आज के सत्र के जरिये प्रस्तुत विचारों को हम S.M.E. व्यापारिक संस्थान तथा उद्यमकर्त्ता के मध्य साझा करें जिससे अधिक से अधिक संख्या में N.S.E. में लिस्टेड हो सके, परिणामस्वरूप N.S.E. के जरिये पैसा इकट्ठा कर सकें। श्री होलानी ने दो वेबसाइट्स www.nseemerge.com तथा www.holaniconsultants.co.in के बारे में सूचित किया कि उक्त दोनों ही वेबसाइट्स पर N.S.E. से सम्बंधित समस्त सूचनाएं तथा ट्रेड करने का पूर्ण तरीका उपलब्ध है।

श्री अर्पित अग्रवाल, Director, Achintya Securities Pvt. Ltd. ने करेंसी हेजिंग पर पावर-पॉइंट प्रस्तुतिकरण देते हुए बताया कि बाजार में मुद्राओ के अत्यधिक उतार-चढ़ाव के कारण मुद्राओं के हानि की संभावना बढ़ जाती है, इस हानि की से बचने के लिए हेजिंग (Hedging) की प्रक्रिया अपनायी जाती है। हेजिंग की प्रक्रिया सभी के लिए उपलब्ध है, इसमें सभी (दीर्घ, मध्यम और सूक्ष्म संस्थानों) को एक समान-प्राइस मिलते है। हेजिंग की प्रक्रिया में क्रेडिट लिमिट की आवश्यकता नहीं होती है। हेजिंग की प्रक्रिया से प्रॉफिट और कैश-फ्लो वृद्धि में होती है।

सत्र का संचालन महेंद्र नाथ मोदी, सचिव, मर्चेंट्स चैम्बर ने किया।

सत्र में मुख्य रूप से अमर नाथ गुप्ता, रूफी वाकी, मर्चेंट्स चैम्बर के सदस्यगण तथा शेयर मार्किट से जुड़े हुए गणमान्य उपस्थित थे।